

15 वह समय कभी तो आएगा!

क्या आप जानते हैं...

मनुष्य इस संसार में सारे अपयशपूर्ण कार्य केवल स्वार्थ के वशीभूत होकर करता है! क्या ऐसा भी समय कभी आएगा जब वह इससे ऊपर उठकर सत्य और अहिंसा की राह में अपना कदम बढ़ाएगा!

इस 'कविता' में कवि ने उस समय के आने की कामना की है जब संसार में कहीं भी कोई मनुष्य दुःखी नहीं होगा। जब न्याय बिकेगा नहीं। कोई राष्ट्र किसी को अधीन नहीं करना चाहेगा। शक्ति की नहीं, बल्कि बुद्धि की पूजा होगी। सब लोग सुखी और समृद्ध होंगे।

वह समय कभी तो आएगा!

ज्ञान और बल में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं?

जब झगड़े दुनिया वालों के, तलवार नहीं सुलझाएगी।
जब पूजा होगी प्रतिभा की, जब शक्ति न पूजी जाएगी।
तब कटुता सारी तजकर मानव, प्यार के गाने गाएगा।
वह समय कभी तो आएगा!

जब कोई निर्धन न होगा, धरती समान बँट जाएगी।
जब दुःख के बादल छिटकेंगे, वसुधा सुख से भर जाएगी।
चाँदी के टुकड़ों के बदले, जब न्याय न बेचा जाएगा।
वह समय कभी तो आएगा!

किसे बादल की संज्ञा दी गई है?

जब दो गज़ धरती की खातिर, एटम न चलाए जाएँगे।
जब राष्ट्र किसी पर अपने बल से, प्रभुता नहीं जमाएँगे।
जब सत्य अहिंसा की राहों पर, मानव कदम बढ़ाएगा।
वह समय कभी तो आएगा!

लोगों को किस राह पर चलना चाहिए?

2022.12.21 11:12

शब्द-अर्थ

प्रतिभा = बुद्धि (genius); शक्ति = ताकत; कटुता = द्वेषभावना; निर्धन = गरीब; वसुधा = पृथ्वी, धरती; न्याय = इंसाफ; प्रभुता = अधिकार (right); एटम = परमाणु बम।

आओ, अभ्यास करें
Let's Do Exercise

पठन एवं लेखन अभिव्यक्ति

आपकी कलम से — Questions relating Text

1. निम्नलिखित शब्दों का उच्चारण करते हुए पुनः लिखिए– श्रुतलेखन/Dictation

प्रतिभा	शक्ति	निर्धन	न्याय	अहिंसा	सत्य
....	....	....	....	....	....
....	....	....	....	....	....

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) मनुष्य प्यार के गाने कब गाएगा?

(ख) न्याय कब नहीं बेचा जाएगा?

(ग) एटम बम कब चलाए जाते हैं?

(घ) कवि कौन से समय के आने की कामना करता है?

(ङ) 'प्रतिभा' की पूजा से क्या आशय है? HOTS

3. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

(क) जब कोई ...निर्धन... न होगा, ...धरती... समान बँट जाएगी।
जब दु:ख के ...बादल... छिटकेंगे, ...वसुधा... सुख से भर जाएगी।

(ख) जब ...राष्ट्र... किसी पर अपने बल से, ...प्रभुता... नहीं जमाएँगे।
जब ...सत्य अहिंसा... की राहों पर, ...मानव... कदम बढ़ाएगा।

4. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

(क) जब झगड़े दुनिया वालों के .... नहीं सुलझायेगी।

(i) सरकार ☐ (ii) तलवार ☑
(iii) बन्दूक ☐ (iv) समाज ☐

(ख) जब .... के बादल छिटकेंगे।

(i) सुख ☐ (ii) दु:ख ☑
(iii) प्यास ☐ (iv) प्रेम ☐

2022.12.21 11:12